news communications

Publication	Edition	Date
Herald Youngleader	Ahmedabaad	01/04/2016

डब्ल्यू. सी. आर. सी. अवार्ड 2015 का विजेता कामधेनु लिमिटेड स्टील में एशिया के बेस्ट ब्रैंण्ड का अवार्ड

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित कंसल्टेंसी संसथाओं में से एक वर्ल्ड कंसल्टिंग एंड रिसर्च कॉरपोरेशन (डब्ल्यू. सी. आर. सी.) द्वारा स्टील सेग्मेंट में एशिया के बेस्ट बैंण्ड के रूप में चुनकर कामधेनु लिमिटेड ने स्टील व आयरन सेग्मेंट में नए ईतिहास बनाने का सिलसिला जारी रखा है। भारतीय निर्माण सामग्री बाज़ार के सबसे प्रभावी ब्रैंड के रूप में खुद को स्थापित कर चुके कामधेनु को लगातार विश्व स्तर पर पहचान और सराहना मिल रही है। मार्च 2016 को बैंकाक के होटल एमैरी वाटर गेट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के डब्ल्यू. सी. आर. सी. अवार्ड समारोह में एशिया के कारपोरेट जगत के गणमान्य तथा प्रभावशाली लोग उपस्थित थे। एशिया के कई देशों के मार्केटिंग गुरूओं तथा कारपोरेट लीडर्स की गरिमामयी उपस्थिति में कामधेनु के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल एवं श्री सौरभ अग्रवाल ने एशिया के बेस्ट ब्रैण्ड का अवार्ड ग्रहण किया। कामधेनु को एक प्रतिष्ठित ग्लोबल मंच पर मिला यह सम्मान तीन महीने से भी कम समय के अंदर वैश्विक मंच पर ब्रैण्ड के पुरस्कृत होने का दूसरा अवसर है। इससे पहले कामधेनु दिसंबर 2015 में दुबई में आयोजित समारोह में आयरन व स्टील सेग्मेंट में वर्ल्ड ग्रेटेस्ट ब्रैंड, 2015 –एशिया एंड जीसीसी अवार्ड का विजेता रहा है। अवार्ड ग्रहण करने के बाद कामधेनु के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ''इस प्रतिष्ठित मंच पर सम्मानित पाने के अवसर पर मैं कामधेनु की तरक्की में योगदान के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स को धन्यवाद देता हूँ। प्रत्येक पुरस्कार कामधेनु लिमिटेड में हम सभी को लगातार बेहतरी के लिए प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है।